आज नागपंचमी पर शगीन तारा देवी में होगी नाग पूजा

शिमला। नागपंचमी के अवसर पर सोमवार को मांहूनाग मंदिर शगीन तारादेवी में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। श्रावण शुक्ल पंचमी को मनाए जाने वाले इस पर्व पर नाग देवता की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए नाग पूजा और दर्शन के साथ भंडारे का भी आयोजन होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से सपरिवार मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करने और मांहूनाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था में ग्रामीण क्षेत्रों की अहम भूमिका

रिज पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान बोले शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने की। उन्होंने ध्वजारोहण किया और भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था में ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश की बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है और ग्रामीण जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा कृषि एवं बागवानी से सीधे जुड़ा हुआ है। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। वर्तमान में गाय के दूध का मूल्य 61 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध का करीब 71 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कृषि उत्पादों के लिए समर्थन मूल्य की व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत गेहूं 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की 50 रुपये प्रति किलोग्राम, कच्ची हल्दी 150 रुपये प्रति किलोग्राम और अदरक 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बागवानी क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार का सपना हिमाचल प्रदेश को देश के फ्रूट बाउल ऑफ इंडिया के रूप में विकसित करना था। इसी दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। यूनिवर्सल कार्टन लागू करने से विशेष रूप से लघु और सीमांत बागवानों को लाभ मिलेगा। मिड-हिल और बायोडा क्षेत्रों में बागवानी के विस्तार के लिए भी महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की जा रही हैं। इसके साथ ही मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देकर मछुआरों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सरकार ने पदोन्नतियों और रिक्त पदों को भरने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। लंबे समय से लंबित डिप्टी डायरेक्टर स्तर की पदोन्नति की गई और महाविद्यालयों में रिक्त पदों को भरने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि कभी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए देशभर में पहचान रखने वाला हिमाचल प्रदेश 2021 के नेशनल अचीवमेंट सर्वे में पिछड़ गया था। सरकार के पिछले साढ़े तीन वर्षों के प्रयासों का परिणाम है कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

▮ **ध्वजारोहण कर ली मार्चपास्ट की सलामी**

उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस अधिकारी नवाजे

कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि ने पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने पर अंबी लाल उप निरीक्षक, नवीन शर्मा उप निरीक्षक, अनुपम कुमार मुख्य आरक्षी, जगदीश सिंह मुख्य आरक्षी और अशोक कुमार आरक्षी को सम्मानित किया।

छात्र भी किए सम्मानित इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह को आकर्षित बनाने के दृष्टिगत विभिन्न रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक प्रस्तुति में राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ संदेश पर आधारित किन्नौरी नृत्य, राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा के विद्यार्थियों द्वारा चिट्टा मुक्त हिमाचल संदेश पर नाटी, नृत्य कला केंद्र शोघी के कलाकारों द्वारा सोलन गिद्दा, डाइट शामलाघाट के विद्यार्थियों द्वारा हिमाचली नाटी, संभोता तिब्बतन स्कूल द्वारा याक और सिंह नृत्य और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फाइन आर्ट्स शिमला के छात्रों द्वारा देशभक्ति आधारित समूह गान व समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि रोहित ठाकुर द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत करने वाले सभी दलों को 5-5 हजार रुपये की राशि व प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

ये रहे मौजूद इस अवसर पर विधायक ठियोग कुलदीप सिंह राठौर, नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, चेयरमैन हिमाचल प्रदेश मिल्क फेडरेशन बुद्धि सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष हिमुडा यशवंत छाजटा, चेयरमैन द कैलाश फेडरेशन बलदेव ठाकुर, निदेशक हिमाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक हरिकिशन हिमराल, नगर निगम शिमला के पार्षद, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त सचिन कंवल, अतिरिक्त उपायुक्त सचिन शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पंकज शर्मा, एडीएम प्रोटोकॉल ज्ञान सागर नेगी, एसडीएम शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा, एसडीएम शहरी सन्नी शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

देशभक्ति के रंग में रंगा पोर्टमोर स्कूल

शिमला। शहर के आदर्श कन्या विद्यालय पोर्टमोर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के उपनिदेशक लेखराज भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य जय देव नेगी, शिक्षक वर्ग और छात्राओं ने समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और सभी ने देश की एकता एवं अखंडता के प्रति सम्मान व्यक्त किया। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन किया। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्राओं ने स्वतंत्रता के महत्व, राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों और देश के विकास में युवा पीढ़ी की भूमिका का संदेश दिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने समारोह में मौजूद लोगों की खूब तालियां बटोरीं। मुख्यातिथि लेखराज भारद्वाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों का नाम नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी संदेश देती है।

अल्मा इंटरनैशनल स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

शिमला। अल्मा इंटरनैशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देशप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समारोह में मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता के महत्व के बारे में बताया।

स्वतंत्रता संग्राम के वीरों व शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शिमला। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुरिता सक्सेना मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहीं। समारोह की शुरुआत मुख्यातिथि के स्वागत के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई। इसके बाद सभी ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान एनसीसी और एनएसएस की छात्राओं ने मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। छात्राओं ने देशभक्ति गीत, संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में देशप्रेम का रंग भर दिया। प्राचार्या डॉ. अनुरिता सक्सेना ने छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, लेकिन इसके साथ नागरिकों के कुछ कर्तव्य भी हैं। देश की सुरक्षा, एकता, अखंडता और आपसी भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन ने चक्कर स्कूल में बांटे फल

शिमला। मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से चक्कर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस बच्चों के साथ उत्साह और देशभक्ति की भावना से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्था की ओर से बच्चों को भोजन और फल वितरित किए गए। इसके साथ ही बच्चों को विशेष स्वच्छता किट भी दी गई। डॉ. मंजू कौशिक ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को साफ-सफाई का ध्यान रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजन, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश, शिक्षकगण और मैत्री संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। संस्था की उपाध्यक्ष शशि सूद, किम्मी सूद, संयुक्त सचिव राजेश जोशी, मीडिया प्रभारी उमा कुमरा, सलाहकार कमला गोयल, कांता डोगरा, डॉ. मंजू कौशिक और वरिष्ठ सदस्य उमा शर्मा ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्षा ममता गोयल ने कहा कि बच्चों की खुशी और उनका बेहतर भविष्य संस्था की प्राथमिकता है।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति के कार्यक्रमों से बांधा समां

शिमला। क्रीसैंट सीनियर सेकंडरी स्कूल टुटू में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई। हिमाचल प्रदेश मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक एवं डिजिटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस विभाग के निदेशक आईएएस अधिकारी अभिषेक वर्मा ने समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। एनसीसी, एनएसएस और स्कूल बैंड के विद्यार्थियों ने मुख्यातिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिमाचल प्रदेश सहित देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और परंपराओं पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यातिथि अभिषेक वर्मा ने स्कूल की विशेष पत्रिका का विमोचन भी किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें देशभक्ति, संस्कार और भारतीय संस्कृति से जोड़ना जरूरी है। ▮ *हिमाचल दस्तक*

कांग्रेस मुख्यालय में किया ध्वजारोहण

शिमला। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सेवादल के मुख्य प्रशिक्षक दीनू राही की अगुआई में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के संगठन महामंत्री विनोद जिंटा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष अमित नंदा, महासचिव सत्यजीत नेगी, सुरेश नागटा, सोनिया चौहान, विनीत गौतम, जिला कांग्रेस कमिटी शिमला ग्रामीण के अध्यक्ष हरिकृष्ण हिमराल, कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष रोहित वत्स धामी, पार्षद गीतांजलि भांगड़ा, मुकेश भाटिया, एसके सहगल, नेहा मेहता, सेवादल नरेश ठाकुर, राजेश शर्मा, नरेश ठाकुर, केएस राणा, डीएस राणा, प्रभा वर्मा, कृष्णा जरयाल, उमा मुटियाल, मोहन नेगी, आरपी सिंह, धारू पिंकी, सतपाल सहित पार्टी के कई अन्य कार्यकता मौजूद थे। इस अवसर पर हरिकृष्ण हिमराल ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिये हमें किसी भी बलिदान के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस के नेताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान की रक्षा के लिए सभी कांग्रेसजनों को आगे आना होगा।

शहर में एबीवीपी ने निकाली तिरंगा यात्रा

शिमला। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला महानगर की ओर से शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान युवाओं ने 100 मीटर लंबे तिरंगे को हाथों में लेकर शहर में देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। 100 मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकली यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा लहराते हुए स्वतंत्रता दिवस की खुशी मनाई। यात्रा के दौरान शिमला की सड़कों, बाजार, रिजल्ट मैदान पर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे गूंजते रहे। युवाओं ने देश के प्रति अपने सम्मान और जिम्मेदारी का संदेश दिया। यात्रा के दौरान लोगों में भी देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। परिषद की ओर से कहा गया कि स्वतंत्रता दिवस देश के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का अवसर है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ने का काम करते हैं।

शोघी में पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़ा युवक

शिमला। नशे के खात्मे के लिए हिमाचल प्रदेश में पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत नशा तस्करों की धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में शिमला पुलिस ने भी एक नशा तस्कर को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शिमला पुलिस ने शोघी के पास एक बस में एक व्यक्ति से 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मामले में ननखड़ी निवासी अमन ठाकुर (28) को गिरफ्तार किया है। एसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को पुलिस की विशेष सेल की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि अमन ठाकुर बस के जरिए सोलन से शिमला की ओर चिट्टा लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पुलिस चौकी शोघी के पास नाका लगाकर बस को रोककर नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान बस में सवार अमन ठाकुर के बैग से सिगरेट की डिब्बी में छिपाकर रखा गया 10 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

एचपीयू में एबीवीपी की भूख हड़ताल जारी

शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोतरी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की क्रमिक भूख हड़ताल रविवार को 14वें दिन भी जारी रही। आंदोलन के 13वें दिन परिषद के कार्यकर्ता अखिल और स्पर्श ने 24 घंटे की भूख हड़ताल पूरी की। इसके बाद शोध इकाई के कार्यकर्ता अमन बनयाल और संजय ने अगले 24 घंटे के लिए भूख हड़ताल की जिम्मेदारी संभाली। एबीवीपी का कहना है कि छात्रों की मांगों का समाधान होने तक आंदोलन लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। परिषद ने विश्वविद्यालय में बढ़ाई गई हॉस्टल फीस का भी विरोध तेज कर दिया है। परिषद के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने हॉस्टल फीस में करीब 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। एबीवीपी का कहना है कि फीस में इतनी बड़ी वृद्धि से विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसका सबसे अधिक असर दूरदराज और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों पर पड़ेगा। विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन से हॉस्टल फीस में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने और पुरानी फीस बहाल करने की मांग की है।

छोटा शिमला में मेधावी किए सम्मानित

शिमला। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता उद्देश्य से छोटा शिमला में जनगणना क्विज प्रतियोगिता के मेधावी विजेताओं को सम्मानित किया गया। निदेशक जनगणना कार्य दीप शिखा शर्मा द्वारा मेधावियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए निदेशक दीप शिखा शर्मा ने जनगणना के राष्ट्रीय महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वतंत्रता देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और अस्मिता का प्रतीक है। ठीक उसी प्रकार जनगणना राष्ट्र निर्माण, सटीक नीति-निर्धारण और समग्र विकास का सबसे सशक्त आधार है। एक जागरूक और सशक्त लोकतंत्र की पहचान यही है कि हर नागरिक देश की विकास योजनाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

जल्द शुरू होगी सतलुज पेयजल योजना

दवाड़ा पंपिंग स्टेशन में टेस्टिंग शुरू, पानी की किल्लत होगी दूर

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

शहर में चल रहे पेयजल संकट के बीच लोगों के लिए राहत की खबर है। करीब दो सप्ताह से बंद पड़ी सतलुज पेयजल योजना को इसी हफ्ते दोबारा शुरू करने की तैयारी है। योजना के दवाड़ा पंपिंग स्टेशन में खराब हुआ बिजली ट्रांसफॉर्मर ठीक कर लिया गया है। इसे दोबारा स्टेशन पर स्थापित करने के बाद अब टेस्टिंग का काम चल रहा है। टेस्टिंग पूरी होते ही सतलुज नदी से पानी की पंपिंग शुरू कर दी जाएगी। बिजली बोर्ड ने बद्दी में ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत करवाई। इसके बाद इसे दवाड़ा पंपिंग स्टेशन पर पहुंचाकर फिर से स्थापित कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार टेस्टिंग का काम पूरा होने में कुछ दिन लग सकते हैं। इसके बाद योजना को चालू कर दिया जाएगा। इससे शिमला शहर को पेयजल की अतिरिक्त आपूर्ति मिलने लगेगी। महापौर सुरेंद्र चौहान ने पिछले सप्ताह पेयजल कंपनी के अधिकारियों के साथ दवाड़ा पंपिंग स्टेशन का दौरा किया था। उन्होंने मौके पर योजना की स्थिति और ट्रांसफॉर्मर को ठीक करने के काम की जानकारी ली थी। सतलुज पेयजल योजना से शिमला शहर को करीब 15 एमएलडी पानी मिलता है। योजना बंद होने से शहर की कुल पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ा है। अब योजना के दोबारा शुरू होने से शहर को रोजाना 15 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिलने की उम्मीद है। इससे पानी की कमी काफी हद तक दूर हो सकती है। महापौर ने पेयजल कंपनी को रोजाना सतलुज से 15 एमएलडी पानी उठाने के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को नियमित आपूर्ति दी जा सके। वहीं, लगातार बारिश के कारण गिरि और गुम्मा पेयजल योजनाओं में गाद की समस्या बनी हुई है। इससे इन योजनाओं से पानी उठाने में परेशानी आ रही है। फिलहाल शिमला शहर को सभी पेयजल योजनाओं से करीब 35 से 40 एमएलडी पानी मिल रहा है।

▮ **शहर को रोजाना मिलेगा 15 एमएलडी पानी**

> सतलुज पेयजल योजना इसी हफ्ते शुरू होने की उम्मीद है। योजना चालू होने के बाद शहर में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और लोगों को पेयजल संकट से राहत मिलेगी।
>
> - सुरेंद्र चौहान
> महापौर, नगर निगम, शिमला।

24 से हड़ताल पर जाएंगे आउटसोर्स कर्मचारी

शिमला। आईजीएमसी में आउटसोर्स कर्मचारी 24 अगस्त से हड़ताल पर जाएंगे। सैकड़ों कर्मियों ने सरकार से विशेष रूप से भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, बोनस, अतिरिक्त समय का भुगतान, वर्दी, पहचान पत्र, वेतन पर्ची और कपड़े बदलने के लिए विश्राम कक्ष देने की मांग की है। सुरक्षा कर्मियों के भविष्य निधि के जनवरी 2026 के बाद जमा न होने का मुद्दा भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि वेतन से काटी गई राशि को जमा न करना कर्मियों के साथ बड़ा अन्याय है। साथ ही पिछले तीन वर्षों से वर्दी न मिलने और पूरे अस्पताल में कर्मियों के लिए उचित विश्राम कक्ष न होने पर भी नाराजगी जताई है। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल में पर्याप्त संख्या में कर्मियों की नियुक्ति की मांग की है। उनका कहना था कि कर्मियों की कमी के कारण एक व्यक्ति से कई-कई काम करवाए जा रहे हैं।

कार्ड समय पर एक्टिवेट न होने पर तीमारदार परेशान

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

आईजीएमसी में आयुष्मान व हिमकेयर कार्ड एक्टिवेट करवाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों एक कार्ड को एक्टिवेट करवाने में दो से तीन घंटे लग जाते हैं। जितने में कार्ड एक्टिवेट होते है, उतने में मरीजों को बाहर से काफी ज्यादा सामान व दवाइयां भारी पैसे खर्च कर खरीदनी पड़ती है। जब कार्ड एक्टिवेट होता है तो मरीज के कागज फिर पहले डिस्पेंसरी में जाते हैं। उसके बाद जब कागज क्लीयर होते हैं, तभी तीमारदार व मरीज जनऔषधी में पहुंचते हैं। उसके बाद इस दुकान में तो लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। सबसे बड़ी बात है कि प्रशासन द्वारा भी इसको लेकर कोई सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे है। हालत ऐसी भी बन चुकी है कि सरकार ने एक कार्ड पर 5 लाख तक के उपचार की सुविधा प्रदान की है, दो बड़े अस्पताल आईजीएमसी व चमियाणा में कार्ड पर मरीजों को पूरा ऑपरेशन का सामान व दवाइयां ही नहीं मिल पा रही हैं।

▮ **आईजीएमसी में हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड बने मुसीबत**

> कई बार सर्वर न चलने पर कार्ड एक्टिवेट करने में थोड़ा समय लग जाता है। ऐसा नहीं है कि मरीजों को इस पर दवाइयां न मिल रही हों। हिमकेयर व आयुष्मान दोनों कार्ड पर दवाइयां व ऑपरेशन का सामान मिल रहा है। लोग इसका फायदा उठाएं।
>
> - राहुल राव, एमएस, आईजीएमसी।

सीएम का जताया आभार

शिमला। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों के लंबित एरियर की राशि जारी करने के निर्णय पर स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश युवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन में खुशी की लहर है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह संवेदनशील निर्णय वास्तव में कर्मचारी हितैषी सोच का प्रतीक है। लंबे समय से लंबित एरियर के भुगतान से न केवल स्वास्थ्य विभाग बल्कि प्रदेश के सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आर्थिक संबल मिला है। इससे कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी है और उनके परिवारों में त्योहार जैसा माहौल है। संगठन के प्रदेश महासचिव राजीव रमोल ने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा से कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीर और संवेदनशील रहे हैं। उनका यह निर्णय कर्मचारियों के मनोबल को नई ऊंचाई देगा।

प्रदेश विवि में युवा उत्सव को लेकर तैयारियां तेज

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में युवा उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से चयन प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अलग-अलग विधाओं के लिए विद्यार्थियों का चयन चार वर्गों में किया जाएगा। रचनात्मक विधाओं के लिए चयन 24 अगस्त को सुबह 11:30 बजे से होगा। इसमें हिंदी और अंग्रेजी वाद-विवाद, हिंदी वक्तृत्व और अंग्रेजी वक्तृत्व के साथ प्रश्नोत्तरी, कोलाज, पोस्टर निर्माण, मिट्टी कला, कार्टूनिंग, रंगोली और तत्कालिक चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और वक्तृत्व के लिए चयन छात्र कल्याण कार्यालय में होगा, जबकि अन्य रचनात्मक विधाओं के लिए दृश्य कला विभाग को केंद्र बनाया गया है। संगीत वर्ग के लिए चयन 2 सितंबर को सुबह 11:30 बजे प्रदर्शन कला विभाग में होगा। इसमें हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वाद्य, भारतीय और पाश्चात्य एकल गायन के अलावा भारतीय समूह गान, लोक गीत, लोक वाद्यवृंद और पाश्चात्य समूह गान को शामिल किया गया है।

▮ **24 अगस्त से शुरू होगी चयन प्रक्रिया**

पेगासस असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
55-56, 5वीं मंजिल, फ्री प्रेस हाउस, नरीमन प्वाइंट, मुंबई - 400021, दूरभाष: 022-61884700
ईमेल: sys@pegasus-arc.com वेबसाइट: www.pegasus-arc.com

ई-नीलामी द्वारा बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के प्रावधान के साथ पढ़े गए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल सिक्योर्ड परिसंपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री

सर्वसाधारण और विशेष रूप से नीचे उल्लेखित ऋणी, मोर्टगेजर और गारंटरों को सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर, पेगासस असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (पेगासस ग्रुप वन ट्रस्ट -XVII के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए) के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति/सिक्योर्ड परिसंपत्तियों की बिक्री की जा रही है। पेगासस को इंडसइंड बैंक लिमिटेड द्वारा असाइनमेंट समझौते दिनांक 30/03/2015 के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत अंतर्निहित प्रतिभूति हित के साथ नीचे उल्लेखित ऋणी की देनदारियों को सौंपा गया था। इन संपत्तियों को सरफेसी अधिनियम और उसके नियमों के प्रावधानों के तहत 'जहाँ है जैसा है', 'जो है जैसा है', और 'जो कुछ भी है' के आधार पर सभी ज्ञात और अज्ञात देनदारियों/दायित्वों के साथ 24.09.2026 को बेचा जा रहा है।

पेगासस के प्राधिकृत अधिकारी को सरफेसी अधिनियम और उसके तहत बने नियमों के प्रावधानों के तहत इंडसइंड बैंक लिमिटेड से नीचे उल्लेखित सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का कब्जा प्राप्त हुआ है।

ऋणी / गारंटर / मोर्टगेजर का नाम:	1) मेसर्स एरिल फार्मा लिमिटेड (ऋणी) 2) मेसर्स अंकुर इगन एंड फार्मा लिमिटेड (गारंटर/मोर्टगेजर) 3) श्री पूर्णचंद्र ईसरमल जैन (गारंटर)
बकाया राशि जिसके लिए सिक्योर्ड परिसंपत्ति बेची जा रही है:	रु. 72,35,51,000/- (केवल बहत्तर करोड़ पैंतीस लाख इक्यावन हजार रुपये) दिनांक 22/07/2026 तक, तथा भुगतान और वसूली की तारीख तक अनुबंध दर पर 23/07/2026 से आगे का ब्याज, लागत, शुल्क और खर्च।
बेची जा रही अचल संपत्ति सिक्योर्ड परिसंपत्ति का विवरण:	खेवट व खतौनी सं. 62/65, खसरा सं. 869, 870, 1280/871, फिरो 1, फिरो 3, हदबस्त सं. 190, माप 12 बीघा 0 बिस्वा; तथा खेवट व खतौनी सं. 176 मिन/193 मिन, खसरा सं. 1062/862, फिरो -1, हदबस्त सं. 190, कुल क्षेत्रफल 3 बीघा 1 बिस्वा; तथा खेवट व खतौनी सं. 59/62, खसरा सं. 1